एक नजर में

मरणोपरांत भी कायम रहेगी अनिल जैन की दृष्टि, परिजन ने लायंस के माध्यम से कराए नेत्रदान

मंदसौर। नगर के वरिष्ठ श्रावक अनिल जैन के देवलोकगमन के पश्चात उनके परिजनों ने एक अत्यंत प्रेरणादायी निर्णय लेते हुए लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से नेत्रदान संपन्न कराया। सौरभ जैन के पिता अनिल जैन के निधन पर शोक की इस घड़ी में भी परिवार ने मानवता की सेवा को सर्वोपरि रखा और उनकी आंखों से किसी और के जीवन को रोशन करने का संकल्प लिया। परिजनों की इस पुनीत भावना को सम्मान देते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ और लायन सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने नेत्र उत्सर्जित करने की प्रक्रिया पूर्ण की। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि लायंस क्लब मंदसौर के लिए यह इस सत्र का 44वां नेत्रदान रहा, जो शहर में नेत्रदान के प्रति ब?ती जागरूकता का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भंडारी, जितेंद्र मित्तल, भरत कोठारी और सुनील बाफना ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दुख की इस घ?ी में समाज हित के प्रति लिए गए उनके इस साहसी निर्णय के लिए साधुवाद ज्ञापित किया।

रोटरी सैटेलाइट वुमेंस क्लब ने बच्चों को नये कपड़े देकर उनके चेहरे पर बिखेरी मुस्कान

मंदसौर। रोटरी सैटेलाइट वुमेंस क्लब मंदसौर द्वारा चार्टेड बस ऑफीस के पीछे स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरते हुए श्वेता कपूर और उनके परिवार के सौजन्य से विद्यालय के बच्चों को नवीन वस्त्रों का वितरण किया गया। अपनी पसंद के नए कप? पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान क्लब की अध्यक्ष निशा कुमावत ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और कहा कि बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं, जिन्हें सही मार्गदर्शन और सहयोग देना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने यह भी कहा किया कि क्लब निरंतर इस प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर ख? व्यक्ति की सहायता के लिए तत्पर रहता है। प्रोजेक्ट चेयरमेन श्वेता कपूर ने कहा कि बच्चों के साथ खुशियां बांटना और उन्हें प्रोत्साहित करना आत्मिक संतोष प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी परिवार और क्लब की ओर से इस तरह के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम के समापन पर क्लब सचिव सरिता चंचल सोनी ने विद्यालय परिवार और उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, ब?ी संख्या में छात्र-छात्राएं और रोटरी सैटेलाइट वुमेंस क्लब की सदस्यायें उपस्थित रहीं।

हार्ट को रखना है सुरक्षित, तो बदलें जीवनशैली...

▸ दशपुर योग शिक्षा संस्थान ने किया 'हृदय रोग जागरूकता कार्यशाला' का आयोजन

मंदसौर। दशपुर योग शिक्षा संस्थान, मंदसौर के तत्वावधान में शनिवार, 18 अप्रैल की सुबह आनन्द विहार स्थित मैत्री गार्डन योग केंद्र पर एक विशेष 'हृदय रोग जागरूकता कार्यशाला' का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम चेलावत ने उपस्थित योग साधकों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए हृदय रोगों के कारण, बचाव के उपाय और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के सूत्रों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

प्रारंभ में योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने कहा कि किसी भी बीमारी के कारणों का पता होना आवश्यक है। यदि हम जानकार, सजग व सतर्क रहेंगे तो बीमारी को दूर रखने में सहायक होंगे। इसी को लेकर योग संस्था द्वारा समय-समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की बुलाकर कार्यशाला का आयोजन किया जाता है जिससे हम स्वास्थ्य के प्रति की जा रही लापरवाहियों व गलतियों में सुधार कर स्वस्थ जीवन अपना सकें।

तनाव और मोबाइल-आधुनिक युग की बीमारियां

डॉ. चेलावत ने तनाव (स्ट्रेस) को बीमारियों की मुख्य ज? बताया। उन्होंने कहा कि हम वर्तमान में जीने के बजाय अगली एक्टिविटी या व्यापार-घर की चिंताओं में खोए रहते हैं। मोबाइल के ब?ते चलन पर उन्होंने कहा कि सोने से एक घंटा पहले और जागने के एक घंटे बाद तक मोबाइल से दूरी बनाएं उसके बजाय दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएं, हंसी-मजाक करें और सुख-दुख बांटें। यह ऊर्जा आपके शरीर और रिश्तों, दोनों के लिए संजीवनी का काम करेगी।

व्यायाम में विविधता और कार्डियक एक्सरसाइज पर जोर: कार्यशाला में डॉ. चेलावत ने सलाह दी कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगासन व व्यायाम के पैटर्न में बदलाव करना जरूरी है। केवल एक ही तरह की एक्सरसाइज न करें। उन्होंने प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट की कार्डियक एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करने की बात कही।

पाम ऑयल और बार-बार गर्म किया तेल है 'जहर': डॉ. चेलावत ने पिछले दो दशकों में भारतीय खान-पान में आए बदलावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा वर्तमान में विवाह समारोहों और रेस्टोरेंट में पाम ऑयल का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, जो हृदय के लिए अत्यंत खतरनाक है। इससे बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि किसी भी कार्यक्रम में जाने से पहले घर से भोजन करके निकलें, ताकि वहां सीमित मात्रा में ही बाहर का खाना खाएं। उन्होंने कहा कि एक ही तेल को बार-बार गर्म करना जहर के समान है। यदि तेल दूसरी बार उपयोग होता है तो वह 5 गुना और तीसरी बार में 25 गुना अधिक हानिकारक हो जाता है। उन्होंने सलाह दी कि हर 6 माह में अपने खाने का तेल बदलें और फ्राइड फूड (तला-भुना) खाने से परहेज करें।

राहगीर अभियान के तहत ग्राम बनी में जनभागीदारी से हटाया अतिक्रमण

मंदसौर। मंदसौर जिले में किसानों की सुविधा और ग्रामीण आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'राहगीर अभियान' के अंतर्गत आज ग्राम बनी, तहसील शामगढ़ में अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई की गई। यह अभियान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन एवं एसडीएम गरोठ श्री चौहान के निर्देशन में सतत रूप से संचालित किया जा रहा है।

उपखंड गरोठ में 7 अप्रैल से प्रारंभ इस अभियान के सातवें चरण में राजस्व विभाग की टीम—जिसमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी शामिल रहे—ने ग्राम बनी में जनभागीदारी के माध्यम से शासकीय एवं निजी भूमि से गुजरने वाले रास्तों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान भी उपस्थित रहे और उन्होंने अभियान में सक्रिय सहयोग दिया। कार्रवाई के दौरान खेतों तक पहुंचने वाले पारंपरिक रास्तों को चिन्हित कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त किया गया, जिससे किसानों को अब अपने खेतों तक पहुंचने के लिए चौड़े एवं सुगम मार्ग उपलब्ध हो सकेंगे। इससे न केवल कृषि कार्यों में सुविधा होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन भी अधिक सुरक्षित और आसान बनेगा। प्रशासन द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रखते हुए अन्य गांवों में भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी, ताकि किसानों की वर्षों पुरानी रास्तों से संबंधित समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे शासकीय एवं सार्वजनिक रास्तों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा इस प्रकार के जनहितकारी अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

दुर्लभ वाद्य संतूर का लेक डेम कार्यक्रम आयोजित

मंदसौर। स्पिक मैके द्वारा आयोजित विरासत श्रृंखला के द्वितीय चरण में करणी इंटरनेशनल स्कूल में संतूर वाद्य यंत्र का लेक्चर कम डेमोस्ट्रेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बच्चों को संतूर वाद्य की बारिकियों तथा उसके इतिहास के बारे में विदुषी डॉ. वर्षा अग्रवाल ने विस्तृत जानकारी दी।

स्पिक मैके संस्था के परिचय व कलाकारों के स्वागत के पश्चात संतूर पर राग नट भैरव के साथ बंदिश 'सुन री सखी आयो प्रभात सब मिल गाओ मंगल गान' ने ऐसा समां बांधा कि मंत्रमुग्ध हुए बच्चे भावविभोर होकर तालियां बजाने से अपने आप को नहीं रोक सके। इसके पश्चात जो? -झाला व द्रुप-गत तीन ताल तथा मनोहारी तबला वादक उनके गुरु पंडित ललित महंत जी के तबले की थाप के और संतूर की नौक-झौंक के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। करणी इंटरनेशनल स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर श्री इक्ष्वाकु सिंह अखावत एवं प्राचार्य श्री महावीर सक्सेना ने संस्था की ओर से कलाकार द्वय डॉ वर्षा अग्रवाल व पंडित ललित महंत जी के साथ स्पिक मैके कार्डिनेटर्स का संस्था में आकर कार्यक्रम करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

एक नजर ▸ जेआरसी प्रदेश में चलाएगी नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण अभियान

जूनियर रेडक्रॉस एडवेंचर कैंप का हाइक के साथ समापन

मंदसौर। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी भोपाल द्वारा आयोजित नेशनल एडवेंचर ट्रेनिंग कैम्प पचमढ़ी में एडवेंचर सह प्रशिक्षण शिविर का समापन जनरल सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ।

शिविर संयोजक प्रताप नारायण मिश्र, व्यवस्था प्रभारी दिनेश आर्य रेड क्रॉस कार्यालय भोपाल के साथ ही प्रशिक्षक मानक चौहान घाटगे (बैतूल) एनडी वैष्णव कसरौटिया सहित जूनियर रेड क्रॉस जिला ऑर्गेनाइजर एवं काउंसलर सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे। पहा?ों की रानी पचम?ी दर्शन के लिए अंतिम दिवस हाईक को समर्पित था।

एडवेंचर के साथ ही प्रतिभागियों ने हाइक के रोमांस का आनंद लिया। जिप्सी और पैदल हाइक कर प्रशिक्षण भी प्राप्त किया, ब?ा महादेव, पार्वती गुफा, पांडव गुफा, ग्रीन वैली, गुप्त महादेव, प्रियदर्शनी इक्को पॉइंट, हांडी खोह, जटाशंकर आदि स्थान का लगभग दिन भर में 30 किलोमीटर लम्बी हाइक जिप्सी और पैदल भ्रमण किया।

रात्रि में मुख्य अतिथि श्री रामेंद्र सिंह के आतिथ्य में शानदार कैंप फायर का आयोजन किया गया, उसके पश्चात प्रतिभागियों को पुरस्कार और मैडल प्रदान किए गए। मंदसौर जिला ऑर्गेनाइजर एनडी वैष्णव ने जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस पर मुख्य अतिथि एवं स्टेट जनरल सेक्रेटरी रामेंद्र सिंहजी ने प्रसन्नता व्यक्त की और कार्यक्रम को अनवरत आगे बढ़ाने के लिए उचित निर्देश प्रदान किये। पूरे एडवेंचर कैंप को व्यवस्थित संचालित करने के लिए जिला संयोजक प्रताप नारायण मिश्र, भोपाल कार्यालय प्रभारी दिनेश आर्य, सहित प्रशिक्षक गणों और प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। मंदसौर जिले की श्रेष्ठ प्रदर्शन पर जिला सचिव सलमान शाह जिला काउंसलर राजेश पांडे सहित प्रतिभागी वर्षा गहलोत और पिंटू राठौर को पूरी टीम के प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किये।

नीमच

एक नजर में

नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर और पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नीमच। शासकीय आयुर्वेद औषधालय बमोरा द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र बमोरा पर 'पोषण पखवाड़ा' के तहत नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर एवं मातृ एवं शिशु पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, चर्म रोग, श्वास, कास, प्रतिश्याय, उदर रोग, रक्ताल्पता, उच्च रक्तचाप, अर्श, अम्लपित्त आदि रोगों की जांच कर रोगियों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को संतुलित आहार, सुपोषण, स्तनपान के महत्व एवं बच्चों के मानसिक विकास हेतु समुचित पोषण के विषय में जानकारी दी गई। शिविर में डॉ.तारेन्द्र सिंह सोनगरा एवं श्री कानसिंह राणावत ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में कुल 36 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में पूल पार्टी

नीमच। ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को जूनियर विंग में शानदार पूल पार्टी का आयोजन हुआ। जिसमें नर्सरी से दूसरी क्लास के बच्चों ने जमकर मौज मस्ती करते हुए गर्मी की तपिश से राहत पाई। बच्चों ने मनोंरजन गीत की धुन पर रेन डांस की लाजवाब प्रस्तुति दी। जिससे माहौल पूरी तरह खुशनुमा हो गया। इसके बाद बच्चों ने चिप्स, फ्रूटी और अन्य व्यंजनों का आनंद भी लिया। पूल पार्टी में स्कूली बच्चों ने जमकर मौज मस्ती करते हुए गर्मी के सीजन में होने वाली बीमारियों से बचाव के टिप्स लेकर उनका पालन करने का संकल्प भी लिया। पूल के किनारे रंग-बिरंगे गुब्बारों और झंडियों से सजाया गया था, जिससे उत्सव का माहौल बन गया। छोटे बच्चे अपने आकर्षक स्विमसूट में सजे-धजे पूल पार्टी में पहुंचे, उनके साथ उनके शिक्षक भी थे। जब नन्हें-मुन्ने बच्चे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर पानी की बौछारें कर रहे थे, तो उनके चमकीले स्विमवियर और चंचल हरकतों ने माहौल को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। जिससे कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का उत्साह बढ़ गया। विद्यालय की निदेशिका डॉ. गरिमा चौरसिया ने बताया कि गर्मियों की छुट्टी से पहले इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने बच्चों को गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के टिप्स देते हुए तेज धूप में घर के बाहर न निकलने का संकल्प भी दिलाया।

उत्कृष्ट मानव सेवा का पर्याय है डायलिसिस सेंटर : दिलीप सिंह

▸ रोटरी क्लब नीमच द्वारा मानव सेवा समिति को चार डायलिसिस मशीनों का लोकार्पण

नीमच। नीमच मानव सेवा समिति का डायलिसिस सेंटर नीमच अंचल में उत्कृष्ठ मानव सेवा का पर्याय बन चुका है। समिति के समर्पित सदस्यों, कुशल डायलिसिस स्टाफ सहित दानदाताओं की मानवता के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं करूणा का प्रतिफल 'डायलेसिस सेंटर' समूचे अंचल में आज सेवा का अनूठा प्रकल्प बन चुका है। उक्त उद्गार नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने शासकीय जिला चिकित्सालय स्थित डायलिसिस मशीनों के लोकार्पण समारोह के अवसर पर बतौर अतिथि व्यक्त किए।

रोटरी अंतरराष्ट्रीय मंडल 3040 के मंडलाध्यक्ष रोटे सुशील मल्होत्रा ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किया कि रोटरी अंतरराष्ट्रीय की ग्लोबल ग्रांट त्रत्र 2580324 के अंतर्गत सम्पुर्ण मण्डल 3040 के विभिन्न क्लबों को कुल 51 डायलिसिस मशीनें प्रदान की जा रही है और उसी कड़ी में आज रोटरी क्लब नीमच के माध्यम से मानव सेवा समिति को 4 डायलिसिस मशीनें प्रदान की गई हैं जिनका लोकार्पण आज हुआ है। आपने मानव सेवा समिति द्वारा संचालित यह डायलिसिस सेंटर की उच्च श्रेणी की साफ़ सफाई एवं व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि कहा कि इन मशीनों की स्थापना से निश्चित ही यह सेंटर और अधिक क्षमता से काम करेगा और रोगियों की डायलिसिस सुविधा मे विस्तार होगा साथ ही किडनी रोगियों की वेटिंग लिस्ट भी समाप्त होगी।

स्वागत उद्बोधन देते हुए मानव सेवा समिति नीमच अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल ने कहा कि डायलिसिस

सेंटर पर 12 डायलिसिस मशीनों से प्रतिदिन 3 शिफ्टों में किडनी रोगियों को डायलिसिस सेवा प्रदान की जा रही है। परंतु किडनी रोगियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है और वर्तमान 12 डायलिसिस मशीनें भी कम पड़ने लगी हैं। किडनी रोगियों को समय पर डायलिसिस हो सके अत: नीमच मानव सेवा समिति ने डायलिसिस सेंटर पर और अधिक मशीनों की स्थापना के लिए नवीन हाल का निर्माण कार्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराई तथा रोटरी क्लब एवं दानदाताओं के सहयोग से आज 4 नवीन मशीनें और स्थापित की है।

रोटरी क्लब नीमच की ओर से स्वागत उद्बोधन क्लब अध्यक्ष रोटे गिरधारीलाल गोयल ने दिया और कहा कि यह कार्यक्रम रोटरी क्लब नीमच की अनवरत संचालित गतिविधियों की श्रृंखला में आयोजित है। इस अवसर पर रोटरी ग्लोबल ग्रांट में सहयोगी डायलिसिस मशीनों के दानदाताओं श्रीमति कमला देवी भंसाली, श्री सुबोध भंसाली और मनोज भंसाली, गिरधारी लाल गोयल, विष्णु बिंदल परिवार एवं रोटरी मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा और रूबी मल्होत्रा को पुष्पहार, दुपट्टा एवं आभार पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मानव सेवा समिति की ओर से समिति के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए समिति सदस्य श्री जम्बू कुमार जैन ने उल्लेख किया कि कोरोना काल से स्थापित इस सेंटर पर श्रेष्ठ डायलिसिस मशीनों, प्रशिक्षित स्टाफ एवं सुसज्जित तथा उच्च सुविधाओं के साथ यह डायलिसिस सेन्टर रोगी कल्याण समिति के साथ समन्वय स्थापित कर नीमच मानव सेवा समिति के माध्यम से अंचल में किडनी रोगियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। आपने बताया कि वर्तमान में 85 रोगियों को डायलिसिस सेवाएं इस सेंटर पर प्रदान की जा रही है और सेंटर स्थापना माह सितंबर 2020 से मार्च 2026 तक डायलिसिस सेंटर पर 34598 किडनी रोगियों की डायलिसिस की जा चुकी है जो एक रिकॉर्ड है।

विद्यार्थियों के लिए 11वीं और 12वीं केरियर निर्माण का महत्वपूर्ण पड़ाव : कलेक्टर चंद्रा

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को कलेक्टोरेट में आयोजित एक सादे समारोह में 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले नीमच जिले के छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों से संवाद कर, उनका केरियर मार्गदर्शन किया। कलेक्टर ने प्रवीण्य सूची में शामिल जिले के उत्कृष्ट विद्यालय नीमच के छात्र प्रमोद, सांदीपनी विद्यालय नीमच की छात्रा सुश्री प्रियांशी, सिंगोली की छात्रा प्रांजल सोनी एवं विसडम स्कूल की छात्रा मंतशा गोरी, को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेटकर सम्मानित भी किया।

कलेक्टर चंद्रा व जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव ने प्रवीण्य सूची में शामिल विद्यार्थियों को केरियर निर्माण के लिए ऑनलाईन कोचिंग करने, पढ़ाई निरंतर रखने, अच्छे प्रतिष्ठित कालेज में विशेष संस्था में प्रवेश लेने के लिए भी प्रेरित किया।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के केरियर मार्गदर्शन के लिए जिला मुख्यालय पर विशेष शिविर आयोजित करे और विषय विशेषज्ञों पर प्रतिष्ठित कोचिंग संचालकों को आमंत्रित कर, केरियर मार्गदर्शन करवाएं। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया, डी.पी.सी.श्री दिलीप व्यास व अन्य अधिकारी, छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक उपस्थित थे।

एक नजर ▸ पुलिस थाना नीमच केंट को मिली सफलता

आईपीएल क्रिकेट पर ऑनलाइन सट्टा आईडी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

नीमच। थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक सौरभ शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमचकेंट को आईपीएल क्रिकेट लीग में ऑनलाईन सट्टा करने व लोगो को रूपयें कमाने का प्रलोभन देकर उनसे रूपयें लेकर ऑनलाईन सट्टा करने हेतु आई.डी. उपलब्ध कराने वाले आरोपी निलेश पिता भेरूलाल आर्य, उम्र 25 साल, निवासी तिरूपती नगर थाना नीमचसिटी को गिरफतार कर उसके कब्जे वाले मोबाईल में से ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा आई.डी. व लॉखो का लेनदेन बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

घटना का विवरण – दिनांक 17.04.2026 को थाना नीमचकेंट पर पदस्थ सउनि अखिलेश घोंगडे को जर्ये मुखबीर सूचना मिली की निलेश पिता भेरूलाल आर्य निवासी नीमच का अपने मोबाईल पर सट्टा वेबसाईड के माध्यम से क्रिकेट मैच में सट्टा खेल रहा है व लोगो को रूपये कमाने का प्रलोभन देकर उन्हैं क्रिकेट व अन्य खेलों में ऑनलाईन सट्टा खेलने हेतु ऑनलाईन आई.डी उपलब्ध कराकर अवैध लाभ कमा रहा है। उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुये सउनि अखिलेश द्वारा श्रीराम अस्पताल के सामने स्थित ग्राउण्ड के पास से आरोपी

नीलेश आर्य को पकड देखते आरोपी द्वारा अपने वन प्लस कम्पनी मोबाईल के इंटरनेट ब्राउजर के माध्यम लोट्स मास्टर ऑनलाईन आई.डी - ड्डस्रद्वद्बठ्ठ.द्यश्लह्लह्वड्डश्वद्य247.ष्द्ब जी.बी. ऑनलाईन आई.डी - द्दड्डद्ग×ष्द्ब9.ष्द्ब ड्डह्सस्र 23द्द×ष्द्ब9.ष्द्ब, मास्टर ऑनलाईन आई.डी - 23द्ग×ष्द्ब9.ष्द्ब के माध्यम से सट्टा कर उक्त मास्टर आई.डी से लोगो को ऑनलाईन सट्टा खेलने हेतु सब-आई.डी देना पाया गया। उक्त आरोपी नीलेश द्वारा अपने साथी विजय पिता देवीदीन तिवारी निवासी इंद्रानगर नीमच द्वारा उससे जप्त उक्त मोबाईल उसे उपलब्ध कराकर मोबाईल में सट्टा ऑनलाईन आई.डी. के मास्टर आई.डी. व लोट्स की मास्टर आई.डी हरपीत सलूजा उर्फ कोमल सरदार पिता हरभजन सलूजा निवासी नीमच से व द्दड्डद्ग×ष्द्ब9.ष्द्ब की ऑनलाईन आई.डी. मनीष पिता रमेश पामेचा निवासी नीमच से लेकर आरोपी नीलेश को उपलब्ध कराना बताया। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना नीमचकेंट पर अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया व प्रकरण में फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

घटना का तरिका :- फरार आरोपी विजय तिवारी, हरप्रीत उर्फ कोमल सरदार व मनीष द्वारा गिरफ्तार आरोपी नीलेश आर्य को उक्त सट्टा खेलने की ऑनलाईन मास्टर आई.डी. उपलब्ध कराई जाकर लोगो को रूपये कमाने का प्रलोभन देकर उनसे रूपये लेकर, नीलेश के माध्यम से उक्त मास्टर आई.डी से सब-आई.डी बनवाकर सब-आई.डी लोगो को क्रिकेट व अन्य खेलों में ऑनलाईन सट्टा खेलने के लिये दी जाकर अवैध लाभ कमाया जाता था।